Construction of North Koel Baun in Bund Bihar

1235. SHRI ARVIND NETAM :
SHRI SUKHDEO PRASAD VERMA :

Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to state :

(a) whether Government have approved the proposal to construct the North Koel Bund in Bihar ; and

(b) if so, the progress made on the project so far and the time by which it will be completed ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI B. N. KUREEL) : (a) The clearance to the North Koel project proposed by the Government of Bihar will have to await the settlement of the differences on Sone waters which has arisen amongst Bihar, Madhya Pradesh and Uttar Pradesh.

(b) Does not arise.

देश में विद्युत्-विकास के लिए दीर्घावधि योजना

1236. **श्री अरविन्द नेताम :**
श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा :

क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में विद्युत् विकास सम्बन्धी एक दीर्घावधि योजना सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या है?

सिंचाई और विद्युत् मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री बैजनाथ कुरील) :(क) और (ख). जी, हां। 1971-81 की दशाब्दी के लिए देश में अपेक्षित विद्युत्-उत्पादन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 1971 के आरम्भ में एक स्कीम तैयार की गई थी और यह देश में 1981 तक के विद्युत्-विकास का आधार बनी है। इस स्कीम की मोटी रूप-रेखा निम्न प्रकार हैं :—

(एक) इसमें 1980-81 तक देश में प्रतिष्ठापिता विद्युत्-उत्पादन क्षमता को 52 मिलियन कि० वा० तक बढ़ाने का प्रावधान है।

(दो) इसे क्षेत्रीय आधार पर तैयार किया गया है।

(तीन) इस उद्देश्य के लिए नई उत्पादन स्कीमों को निर्धारित कर लिया गया है।

(चार) अधिकतम मितव्ययिता तथा विश्वसनीयता के लिए विभिन्न विद्युत् स्रोतों के बीच समानता लाने के लिए प्रयत्न किया गया है।

(पांच) क्षेत्रीय तथा अन्य असन्तुलनों को कम किया जाता है।

(छः) विद्युत् की वर्तमान प्रति व्यक्ति खपत लगभग 90 कि० वा० है और यह 1981 तक बढ़ कर 240 कि० वा० हो जाएगी।

(सात) नई तकनीकी विशेषताएं जैसे : पम्प-संचय जल-विद्युत् सम्बन्ध, वृहद् आकार वाले उत्पादन यूनिट और वृहद् विद्युत् केन्द्रों, आरम्भ की जाएगी।

दैनिक मजदूरी पर काम करने वाले कर्मचारियों को आवास

1237. **श्री फूलचन्द वर्मा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे में कुछ कर्मचारी दैनिक मजदूरी पर भी काम कर रहे हैं और यदि हां, तो उनकी प्रतिशतता कितनी है;

(ख) क्या इस प्रकार के कर्मचारी अनेक वर्षों से रेलवे की सेवा करते आ रहे हैं ;

(ग) क्या सरकार का ऐसे कर्मचारियों के लिए आवास की व्यवस्था करने का विचार है जो गत तीन वर्ष से काम कर रहे हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?